उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्याः 05/2026/1614/छप्पन-2025-48/2010
लखनऊः दिनांक 07 जनवरी, 2026

कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ में प्रवक्ता (यांत्रिक) के पद पर कार्यरत श्री बृजेश को शासन के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1534/छप्पन-2010-26/08 दिनांक 03 दिसम्बर, 2010 द्वारा नियत मासिक पारिश्रमिक रू0 31,000/- पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 01 वर्ष की अवधि के लिये संविदा पर नियुक्त किया गया था। श्री बृजेश, प्रवक्ता (यांत्रिक) की सेवाओं की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए अन्तिम बार कार्यालय ज्ञाप संख्या- 122/2023/1665/छप्पन-2023-48/2010 दिनांक 29 दिसम्बर, 2023 द्वारा प्रवक्ता (यांत्रिक) के पद पर संविदा अवधि 02 वर्ष के लिए बढ़ाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। शासनादेश संख्या- 52/2025/697/ छप्पन-2025-17/2014 दिनांक 19 मई, 2025 के अनुसार श्री बृजेश का वर्तमान पारिश्रमिक रू0 1,02,581/- निर्धारित हुआ है।

2- निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, लखनऊ द्वारा अपने पत्र संख्या-1385/ए0टी0आई0/संविदा/2014 दिनांक 11 दिसम्बर, 2025 के माध्यम से श्री बृजेश, प्रवक्ता (यांत्रिक) की संविदा अवधि वर्तमान मासिक पारिश्रमिक पर दिनांक 15 दिसम्बर, 2025 से अग्रेत्तर 01 वर्ष (अर्थात 14 दिसम्बर, 2026 तक) के लिए बढ़ाए जाने के सम्बंध में आवश्यक शासनादेश शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया गया है।

3- निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के उक्त प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ में प्रवक्ता (यांत्रिक) के पद पर कार्यरत श्री बृजेश की संविदा अवधि दिनांक 15 दिसम्बर, 2025 से अग्रेत्तर 01 वर्ष (अर्थात 14 दिसम्बर, 2026 तक) के लिए बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान करते हैं कि श्री ब्रजेश का आचरण एवं व्यवहार एवं छात्र/छात्राओं के प्रति उनका आचरण एवं व्यवहार व पठन पाठन से संबंधित कार्यकलापों का हर तीन माह में रिव्यू किया जाए जिसकी रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाए तथा श्री ब्रजेश को अंतिम अवसर प्रदान किया जाना है कि वह संस्थान एव छात्र/छात्राओं के प्रति अपने आचरण एवं व्यवहार में अपेक्षित सुधार लाए।

4- श्री बृजेश की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्ते पूर्ववत् जारी रहेंगी।

5- श्री बृजेश से संविदा सेवा वृद्धि के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध निष्पादित कर शासन को अभिलेखार्थ उपलब्ध कराया जाएगा।

ईशान प्रताप सिंह
विशेष सचिव

संख्याः 05/2026/1614/छप्पन- 2025, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-:

1. निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट को इस आशय से प्रेषित कि श्री बृजेश, प्रवक्ता (यांत्रिक) से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध निष्पादित करके उसकी प्रति शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. श्री बृजेश, प्रवक्ता (यांत्रिक), नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
3. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0 प्रयागराज।
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in